परीक्षा नियंत्रक

Controller Of Examination

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,
गोरखपुर – 273009(उ0प्र0)
*Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University,*
*Gorakhpur -273009 (U.P.)*
*Accredited A++ by NAAC*
*Website - www.ddugu.ac.in*

पत्रांक : 8197 / प0नि0का0 / 2025

दिनाँक : 14 / 05 / 2025

## सूचना

परीक्षा समिति की आकस्मिक बैठक दिनांक 08.05.2025 द्वारा निम्नलिखित निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया :–

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर और सम्बद्ध महाविद्यालयों के अप्रायोगिक विषयों के संस्थागत और व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की मौखिकी परीक्षा और शोध परियोजना के मूल्यांकन की व्यवस्था निम्नलिखित शर्तों के साथ आंतरिक व्यवस्था द्वारा करायी जाएगी –

1–यदि किसी परीक्षार्थी को शोध परियोजना या मौखिकी परीक्षा में 80% से अधिक अंक प्राप्त होते हैं, तो उसके संदर्भ में सम्बन्धित आंतरिक परीक्षक को आख्या प्रस्तुत करनी होगी, जिससे उसे दिए गए अंकों का औचित्य सिद्ध हो सके।

2–यदि किसी परीक्षा केन्द्र पर 50% से अधिक परीक्षार्थियों की परीक्षा में 75% से अधिक अंक प्राप्त होते हैं, तो 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले ऐसे परीक्षार्थियों की पुर्नपरीक्षा विश्वविद्यालय केन्द्र पर पुनः करायी जा सकती है।

परीक्षा समिति के निर्णयानुसार उक्त व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू की जाती है।

14/05/2025

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, राजकीय अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महा0, सम्बद्ध दी0द0उ0 गो0वि0वि0, गोरखपुर।
2. समस्त संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष।
3. प्रभारी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. वै0स0, कुलसचिव।
5. निदेशक, आई0टी0सी0 सेल, दी0द0उ0 गो0वि0वि0, गोरखपुर
6. प्रभारी, एजेन्सी, कोडिंग–डिकोडिंग।
7. उप कुलसचिव (परीक्षा)/सहायक कुलसचिव (परीक्षा)/कार्यालय अधीक्षक, परीक्षा सामान्य/परीक्षा गोपनीय दी0द0उ0 गो0वि0वि0, गोरखपुर
8. सम्बन्धित पटल सहायक।

14/05/2025

परीक्षा नियंत्रक